हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 16 फरवरी 2026
पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान

अधिकतम 29.2 डिग्री

न्यूनतम 12.2 डिग्री

4
राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर संपन्न



## खबर संक्षेप

### संभाग स्तरीय रोजगार मेला आज व कल

**जशपुरनगर।** प्रदेश के युवाओं को निजी क्षेत्र में अधिकाधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सरगुजा में 16 एवं 17 फरवरी 2026 को संभाग स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि मेला में सहभागिता हेतु ऑनलाइन पोर्टल मतवरहंतण्बहण्हवअण्पद या छत्तीसगढ़ रोजगार एप में ऑनलाईन पंजीयन कर सकते है। ऐसे आवेदक जिन्होनें ऑनलाईन पोर्टल मतवरहंतण्बहण्हवअण्पद या छत्तीसगढ़ रोजगार एप में रोजगार पंजीयन एवं रोजगार मेला हेतु पंजीयन नहीं करवाया है, वे पोर्टल पर अपना पंजीयन करवा सकतें है। एवं अपने समस्त शैक्षणिक योग्यता, पासपोर्ट साईज फोटो, पहचान पत्र, अनुभव प्रमाण पर इत्यादि दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथि को उपस्थित हो सकतें है। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय जशपुर से सम्पर्क किया जा सकता है।

### निःशुल्क प्रशिक्षण हेतु 3 नए बैच किए जा रहे प्रारंभ

**जशपुरनगर।** नवसंकल्प जशपुर में प्रतियोगी परीक्षाओं के निःशुल्क प्रशिक्षण हेतु 3 नए बैच प्रारंभ किए जा रहे हैं। जिसके लिए ऑनलाईन आवेदन की तिथि 10 से 20 फरवरी तक है। प्रवेश परीक्षा 23 फ़रवरी 2026 को, प्रवेश परीक्षा में सफल होने वाले अभ्यर्थियों का इंटरव्यू 25 फ़रवरी से 28 फरवरी 2026 तक लिया जाएगा। प्रवेश परीक्षा एवं इंटरव्यू के आधार पर 50 छात्रों को हॉस्टल में प्रवेश दिया जायेगा। इनमें 24 छात्र एवं 26 छात्राएं शामिल होगें। अन्य छात्र डे स्कॉलर निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। गूगल फॉर्म के लिंक पर जाकर आवेदन किया जा सकता है। संस्था से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतियोगी परीक्षाओं में सीजीपीएसी 2027, छग सहायक शिक्षक भर्ती, छग व्यापम द्वारा आयोजित अन्य भर्ती परीक्षाएं, सब इंस्पेक्टर, मंडी उपनिरीक्षक, फायरमैन, परिवहन आरक्षक, वन रक्षक हेतु निःशुल्क आवासीय और डे-स्कॉलर पर प्रशिक्षण जाएगा।

### एचआरडीपी परियोजना के तहत पशु सखी प्रशिक्षण

**जशपुरनगर।** एचडीएफसी परिवर्तन एचआरडीपी परियोजना के तहत बगीचा में सृजन कार्यालय में दो दिवसीय पशु सखी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में 10 गांवों की पशु सखियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान पशुपालन की उन्नत तकनीक, पशु स्वास्थ्य, पोषण प्रबंधन एवं टीकाकरण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। सृजन की ओर से शहरयार ने प्रशिक्षण का संचालन एवं समन्वय किया।प्रशिक्षण के उपरांत पशु सखियां अपने-अपने गांवों में सीखी गई तकनीकों को अपनाकर पशुपालन पद्धतियों में सुधार लाने के साथ-साथ पशुओं को प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराएंगी।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार की गई जान

**अम्बिकापुर।** घर जा रहे बाइक सवार को ग्राम बयानपुर के समीप अज्ञात वाहन के चालक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए बाइक सवार की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम बरडीह चिटकानीडांड़ निवासी शंकर प्रसाद मरावी आ. चंदर साय (37 वर्ष) 8 फरवरी को काम के सिलसिले में बाइक से शहर आया था। शाम को वापस घर लौटने लगा और जैसे ही ग्राम बयानपुर के समीप पहुंचा तभी अज्ञात वाहन के चालक ने टक्कर मार दी जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायल को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। 10 फरवरी को परिजन घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई।

## सात दिवसीय महा रूद्र यज्ञ के साथ शिवरात्रि की शुरुआत

# महाशिवरात्रि पर किलकिलेश्वर धाम में उमड़ी भक्तों की भीड़







हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

नगर के निकट स्थित किलकिलेश्वर धाम में महाशिवरात्रि पर भगवान शिव की पूजा अर्चना के लिए लाखों की संख्या में श्रद्धालु जूटे। जहां सुबह से ही किलकिला मंदिर प्रांगण में भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए कई किलोमीटर लंबी लाइन लगी रही भक्त अपने बारी का इंतजार करते हुए भगवान भोले का दर्शन कर अपने आप को कृतार्थ महसूस किये। पूरा मेला परिसर मिठाई की दुकानों, फल की दुकान एवं अन्य सामग्री की दुकानों से सजा हुआ है । किलकिलेश्वर धाम में मंदिर समिति के अशोक अग्रवालने बताया कि स्वच्छता, शुद्धता एवं सुरक्षा का विशेष ध्यान रखते हुए सभी व्यवस्थाएं की गई है ।मंदिर परिसर में अविरल भंडारे का भी आयोजन किया गया है जिसमें श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं।

पुलिस द्वारा मंदिर परिसर में एवं मेला स्थल पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं ।सात दिवसीय महारूद्र यज्ञ में पहुंचकर श्रद्धालु आहुतियां देकर अपने आप को कृतज्ञ महसूस कर रहे हैं । आवागमन के लिए सड़क मार्ग की स्थिति काफी जर्जर एवं धूल से भरी होने के कारण श्रद्धालुओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा जहां चार पहिया से उड़ रही धूल से आने-जाने वाले दुपहिया वाहन चालक परेशान होते नजर आए शिवरात्रि के मौके पर भी सड़क को दुरुस्त नहीं किया जा सका जिसका परिणाम श्रद्धालु एवं नागरिक भक्त को उठाना पड़ा।

### विधायक गोमती साय ने लिया आशीर्वाद

ग्राम कोडेकेला शिव मंदिर में जहां स्वयम्भू शिव बिराजमान है। महाशिवरात्रि पर्व के दिन आस पास के गाँव के लोग बड़ो संख्या में पूजा करने पहुचे भीड़ इतनी ज्यादा थी कि लोगो को कतार में आकर पूजा करना पड़ा क्षेत्र की विधायक श्री मति गोमती साय ने कोडेकेला के स्वयम्भू शिव बाबा की पूजा कर क्षेत्र वासियों की सुख शान्ति और सफलता के लिए भगवान भोलेनाथ से आशीर्वाद मांगा आज कोडेकेला में ही शिवमन्दिर के पास बाउंड्री के लिए 6 लाख रुपये देने की घोषणा की जिससे कोडेकेला मन्दिर समिति ने विधायक गोमती साय का आभार माना। मन्दिर समिति के सदस्य चन्दमणि यादव ने बताया कि कोडेकेला में विराजे शिव बाबा स्वयम्भू है। जो लगभग 80 वर्ष से विधिवत पूजा पाठ ग्राम वासियों द्वारा बैगा के द्वारा लगातार किया जाता रहा है। यहां की मान्यता है। कि सच्चे मन से मांगी सभी मन की मुरादे भगवान भोलेनाथ जरूर पूरा करते है। मन्दिर पहुचने के लिए ग्राम रघुनाथ पुर और घरजिया बथान दोनों तरफ से कोडेकेला शिव मंदिर जाने के लिए रास्ता है। कोडेकेला शिव मन्दिर समिति के अध्यक्ष झुनू राम खूंटियां ने विधायक गोमती साय का यहां आने पर आभार माना। समिति के सदस्य राजेन्द्र यादव ने कहा कि अब तो लोगों की आस्था कोडेकेला शिव मंदिर के प्रति काफी ज्यादा बढ़ी है। लोग आसपास के गाँव गाँव से काफी संख्या में पूजा करने आ रहे है आज महाशिवरात्रि के दिन तो काफी ज्यादा भीड़ है। कोडेकेला शिव मंदिर कार्यक्रम में भाजपा के महामंत्री मनीष अग्रवाल शहर मण्डल अध्यक्ष अंकित बंशल, सुरेश साहू, जितेन्द्र अग्रवाल, घरजिया बथान धान समिति के अध्यक्ष अमरजीत बाज, एसएम ज्ञानोदय स्कूल के डायरेक्टर कन्हैया यादव, महेश यादव, नरेंद्र यादव, सहित शिव मंदिर समिति के सभी सदस्य एवं ग्राम वासियों के साथ काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## शिवमय हुआ लोरो, आरएसएस ने किया घोष वादन

**जशपुरनगर।** महाशिवरात्रि पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जशपुर जिला के स्वयंसेवकों द्वारा लोरो स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में भव्य घोष वादन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। घोष वादन के साथ संपूर्ण वातावरण शिवमय हो उठा और श्रद्धालुओं में अद्भुत उत्साह का संचार हुआ। संघ परंपरा के अनुसार महाशिवरात्रि पर्व को "घोष दिवस" के रूप में भी मनाया जाता है। इसी क्रम में स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में अनुशासित घोष वादन करते हुए विविध रचनाओं में घोष वादन प्रस्तुत किया। शंख, आनक, प्रणव, झल्लरी, त्रिभुजी सहित अनेक वाद्ययंत्रों की सुमधुर ध्वनि से मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा। घोष की तालबद्ध धुनों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभूति से सराबोर कर दिया।



### संस्कार और सांस्कृतिक चेतना का विस्तार

स्थानीय , गणमान्य नागरिकों एवं मंदिर समिति के सदस्यों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से समाज में संगठन, संस्कार और सांस्कृतिक चेतना का विस्तार होता है। उपस्थित भक्तजनों ने श्रद्धा भाव से घोष वादन का श्रवण किया और स्वयंसेवकों के अनुशासन एवं प्रस्तुति की प्रशंसा की।।

### संगठनात्मक शक्ति का सुंदर समन्वय

महाशिवरात्रि के इस पावन अवसर पर लोरो में आयोजित घोष वादन कार्यक्रम ने भक्ति, संस्कृति और संगठनात्मक शक्ति का सुंदर समन्वय प्रस्तुत किया, जो देर तक क्षेत्रवासियों के मन में अंकित रहा।

### पारंपरिक धुनों से भक्ति एवं राष्ट्रभाव का समन्वय

कार्यक्रम का प्रारंभ शाखा से हुआ। तत्पश्चात स्वयंसेवकों ने घोष की पारंपरिक धुनों के माध्यम से भक्ति एवं राष्ट्रभाव का समन्वय प्रस्तुत किया। संचलन के दौरान अनुशासन, एकरूपता और समरसता का प्रेरक दृश्य उपस्थित रहा, जिसे देखने के लिए क्षेत्र सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे।

## कपरी नाला में स्टॉपडेम व पुलिया निर्माण कार्य प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- वर्षों पुरानी मांग हुई पूरी, ग्रामीणों में खुशी की लहर

क्षेत्र के ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांग को आखिरकार सरकार ने धरातल पर उतार दिया है। विष्णु देव साय की पहल और विशेष रुचि के बाद नारायणपुर के ऐतिहासिक नगरवन शिव मंदिर (महादेव गुड़ी) के समीप कपरी नाला पर स्टॉपडेम सह पुलिया निर्माण कार्य विधिवत प्रारंभ हो गया है। जल संसाधन विभाग द्वारा इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए 2 करोड़ 98 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसके बाद निर्माण एजेंसी ने स्थल पर कार्य शुरू कर दिया है।

यह परियोजना बरडांड से महादेव गुड़ी होते हुए चारभांटी मार्ग तक आवागमन को सुगम बनाएगी। बरसात के दिनों में कपरी नाला उफान पर होने से ग्रामीणों और श्रद्धालुओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। अब स्टॉपडेम सह पुलिया बनने से यह समस्या स्थायी रूप से समाप्त होने की उम्मीद है।



### भू-जल संवर्धन को मिलेगी मजबूती

इस निर्माण कार्य से क्षेत्र को कई स्तरों पर लाभ मिलने वाला है बरसात में नाला पार करना जोखिम भरा होता था। पुलिया निर्माण के बाद स्कूली बच्चों, किसानों, महिलाओं और श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सुगम मार्ग मिलेगा। गांवों के बीच संपर्क बेहतर होगा। स्टॉपडेम में जल संग्रहण होने से ग्रामीणों को निस्तार और घरेलू उपयोग के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध रहेगा। गर्मी के मौसम में भी जल संकट की समस्या काफी हद तक कम होगी।

### सबसे अधिक लाभ किसानों को

इस परियोजना का सबसे बड़ा लाभ किसानों को मिलेगा। जल संग्रहण से लगभग 75 हेक्टेयर कृषि भूमि में सिंचाई संभव हो सकेगी। किसान स्वयं के साधनों से खेतों तक पानी पहुंचाकर फसल उत्पादन बढ़ा सकेंगे, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। स्टॉपडेम के कारण पानी का ठहराव होगा, जिससे आसपास के क्षेत्रों में भू-जल स्तर बढ़ेगा। हैंडपंप और कुओं में पानी की उपलब्धता सुधरेगी। नगरवन शिव मंदिर (महादेव गुड़ी) क्षेत्र धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल है। सड़क और पुलिया निर्माण से श्रद्धालुओं की आवाजाही आसान होगी, जिससे क्षेत्र में धार्मिक गतिविधियों और स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा।

### वर्षों की मांग अब हुई पूरी

ग्रामीणों का कहना है कि कपरी नाला पर डेम सह पुलिया निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही थी। बरसात में गांव का यह मार्ग बन्द हो जाता था और किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता था। अब निर्माण कार्य शुरू होने से क्षेत्र में खुशी की लहर है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में बड़ा कदम बताया है।

## बाइक भिड़ंत में पत्नी की मौत, पति घायल

**अम्बिकापुर।** पति के साथ बहन के घर जा रहे बाइक सवार दंपत्ति को विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में पति घायल हो गया जबकि पत्नी की उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मग कायम किया है। जानकारी के अनुसार पस्ता थाना अंतर्गत ग्राम झलरिया निवासी सोन पतिया पति राम सूरत (46 वर्ष) शुक्रवार को पति के साथ ग्राम भेण्डारी निवासी बहन के यहां बाइक से जाने के लिए निकली थी। जैसे ही बाइक सवार दंपती राजपुर क्षेत्र के ग्राम कोदोरा मिशन के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में पति पत्नी घायल हो गए। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायलों को बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## आंगनबाड़ियों की स्थिति सुधारने प्रियवंदा करेंगी पहल

- शहर में चल रहे जर्जर और भवनविहीन आंगनबाड़ी केंद्र

**जशपुरनगर।** शहर में आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति को सुधारने के लिए राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रियवंदा सिंह जूदेव पहल करेंगी। शनिवार को समस्या से अवगत कराने के लिए पहुंचे पूर्व पार्षद और आंगनबाड़ी केंद्रों के कर्मचारियों को जूदेव ने यह आश्वासन दिया।

ज्ञापन सौंपतें हुए वार्ड क्रमांक 8 के पूर्व पार्षद गणेश साहू ने बताया कि उनके वार्ड के आंगनबाड़ी भवन को नगरपालिका ने लगभग 3 साल पहले ही जर्जर घोषित कर चुकी है। लेकिन ⏭ शेष पेज 4 पर



### जल्द होगा समस्या का निराकरण

प्रियवंदा सिंह जूदेव ने कहा कि महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा व विकास, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली सरकार की प्राथमिकता में सबसे पहले है। बीते दो साल में इस दिशा में तेजी से काम हो रहा है। उन्होनें कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र,बच्चों को अक्षर ज्ञान देने के साथ ही पोषण के लिहाज से महत्वपूर्ण है। इसके लिए आवश्यक है कि हर आंगनबाड़ी केंद्र में स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण रहे। उन्होने आश्वस्त किया कि आंगनबाड़ी भवनों की मरम्मत और नए भवनों के लिए जल्द ही महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े से चर्चा करेंगी।

## पर्यावरण के लिए जरुरी और व्यापार में लागत भी कम

# स्व सहायता समूह मधुमक्खी पालन से कर रहा अच्छी आमदनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर


मधुमक्खी पालन न केवल पर्यावरण के लिए जरुरी है बल्कि यह एक लाभदायक और कम लागत वाला व्यवसाय है, यह स्वरोजगार का एक बेहतरीन एवं मुनाफे वाला जरिया बन चुका है। इसी के कड़ी में प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना अंतर्गत नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑइल योजना के तहत बगीचा विकासखण्ड के ग्राम चम्पा के महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं रोजगार से जोड़ने हेतु स्व सहायता समूह बना कर मधुमक्खी पालन करने हेतु प्रेरित किया गया। विकास खण्ड बगीचा के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री लालसाय केरकेट्टा के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्रदान कर मधुमक्खी पालन हेतु 5 बक्से निःशुल्क प्रदाय किये गये। तथा अभी सरसों फसल के पास बक्से स्थापित कर पालन किया जा रहा है एवं अच्छा उत्पादन होने की उम्मीद की जा रही है।





**मधुमक्खी पालन से लाभः** यह व्यसाय कम लागत से शुरु किया जा सकता है शासन से निःशुल्क प्राप्त हुआ है। वर्तमान में रबी सीजन में खेतों में सरसों की फसल लगी होने से मधुमक्खी के बक्से की देखरेख में आसानी एवं उत्पादन अच्छी होने की संभावना होती है। मधुमक्खियां जैव विविधता को बढ़ावा देती है और पर्यावरण को स्वस्थ रखती है, अच्छी व गुणवत्ता युक्त शहद की प्राप्ति होती है। स्व सहायता समूह के द्वारा अभी 1 महिने में 5 बक्से से 10 कि.ग्रा. शहद निकाल कर स्थानीय बाजार में 500 रु. प्रति कि.ग्रा. की दर से विक्रय किया गया है एवं आगे भी अच्छा उत्पादन होने की संभावना है। सभी किसान भाई खरीफ एवं रबी में तिलहन फसल की खेती के साथ-साथ मधुमक्खी पालन भी करें, ताकि कम समय एवं कम लागत में अपने संसाधन का उपयोग कर अच्छी आमदनी प्राप्त करें एवं अपने लिए भी शुद्ध खाद्य सामग्री की पूर्ति करें। खुशी स्व सहायता समूह की सभी सदस्य मधुमक्खी पालन हेतु मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहित करने हेतु कृषि विभाग एवं छ.ग. शासन का आभार व्यक्त किए हैं।

MARK OF EXCELLENCE
अनुभवी एक्सपर्ट्स द्वारा मस्तिष्क की जटिल समस्याओं का समाधान




- अल्जाइमर रोग
- माइग्रेन (बार-बार चक्कर आना)
- साईटिका
- पैरालिसिस लकवा (स्ट्रोक)
- मिरगी रोग
- पार्किंसन्स
- नसों की दिक्कत
- सिर दर्द
- स्पाइनल कॉर्ड
- माँसपेशियों की कमज़ोरी
- शरीर में कम्पन
- मल्टीपल स्क्लेरोसिस (एमएस)
- मायस्थेनिया ग्रेविस
- मानसिक बीमारी (ब्रेइन्फेक्शन)
- मस्तिष्क रक्तस्राव (ब्रेन हैमरेज)

• EEG • EMG • NCV की सुविधा

MARK HOSPITAL
SERVING - CARING - HEALING SINCE 2013
Tertiary Care - Super Speciality Hospital
NABH Accredited Hospital
Chantidih Road, Sarkanda, Bilaspur 495006 (C.G.)
24x7 SERVICES • CT SCAN • PATHOLOGY • PHARMACY • ICU
FOR AMBULANCE CALL:- 9691700486
Contact No: 07752-796230, 9039028850
Website: www.markhospital.com
Email: Info@markhospital.com
AdPRAYAS

## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

अम्बिकापुर। न्यायालय आ रहे बाइक सवार को केरता मोड़ के समीप कार के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए बाइक सवार ग्रामीण की निजी अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार बलरामपुर थाना अंतर्गत ग्राम मगरहारा निवासी कहतु राम आ. रामजीत (52 वर्ष) शुक्रवार को बेटा सुमन कुमार के साथ बाइक से किसी काम के सिलसिले में न्यायालय जा रहे थे। जैसे ही बाइक सवार केरता मोड़ के महान नदी के समीप पहुंचे तभी सामने से आ रहे अज्ञात कार के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में सुमन को मामूली चोटे आई जबकि कहतु राम गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजन निजी वाहन से घायल को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात उपचार के दौरान घायल की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### अंचल स्तरीय सत्संग प्रतियोगिता में मैनपाट की टीम प्रथम



अम्बिकापुर। रामानुज क्लब में गुरूवार को अंचल स्तरीय सत्संग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र की 10 टीमों के 150 लोगों ने भागीदारी की। प्रथम सत्र का उद्घाटन सीनियर सिटीजन फोरम के पूर्व अध्यक्ष विष्णुप्रताप अग्रवाल तथा द्वितीय सत्र का उद्घाटन फोरम के अध्यक्ष आई.बी. तिवारी ने किया। इस दौरान अध्यक्ष भगवानदास बंसल, संभागीय सचिव वार्षणेय जायसवाल, भाग अध्यक्ष विनोद अग्रवाल, प्रांत सत्संग प्रमुख सुनील वर्मा, अंचल अध्यक्ष प्रेम शंकर द्विवेदी, हरिकथा अध्यक्ष श्रीमती किरण सोनी, नीलम पाण्डेय , आशीष गर्ग, शुभम अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे। निर्णायक समिति में ज्योत्सना पलवलकर, अजय तिवारी, गोपाल पाण्डेय, अरविंद मिश्रा, विवेक विदुर शामिल थे। प्रतिभागी टीम के सदस्यों ने भजन व नृत्य की प्रस्तुतियां दी। प्रदर्शन के आधार पर मैनपाट की टीम प्रथम, उदयपुर की द्वितीय एवं लखनपुर की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### एनएसएस के शिविर में नशा मुक्ति का दिया गया संदेश



बलरामपुर। शासकीय महाविद्यालय के एनएसएस स्वयं सेवकों द्वारा ग्राम पंचायत सतीसेमर में 7 से 13 फरवरी तक सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्य व जिला संगठक प्रो. नंद कुमार देवांगन की अध्यक्षता एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. एनके सिंह के मार्गदर्शन आयोजित शिविर में नशा मुक्त भारत के लिए युवा विषय पर जागरूकता कार्यक्रम किए गए। स्वयं सेवकों ने रैली, नुक्कड़ नाटक, शपथ ग्रहण कार्यक्रम, स्वच्छता अभियान एवं संवाद सत्रों के माध्यम से ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। शिविर के दौरान ग्राम सतीसेमर में सर्वेक्षण कर ग्रामीणों की मूलभूत समस्याओं को चिन्हांकित किया गया। स्वयंसेवकों ने शिक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं सामाजिक जागरूकता से संबंधित विषयों पर सक्रिय भागीदारी निभाई। सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राजनीति विज्ञान विषय की सहायक प्राध्यापक डॉ. अर्चना गुप्ता शामिल हुई जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में योगेश राठौर एवं प्रतापदेव तिवारी शामिल हुए। शिविर का प्रतिवेदन वाचन सहायक कार्यक्रम अधिकारी आनंद चौबे ने किया।

### वन विभाग ने यूकेलिप्टस से भरा ट्रक किया जब्त, विभिन्न राज्यों में खपा रहे लकड़ी

# यूपी के तस्कर अवैध से रूप काट रहे नीलगिरी के पेड़, जमकर हो रही तस्करी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

सरगुजा में यूके लिप्ट्स के पेड़ों की अवैध रूप से कटाई और लकड़ी तस्करी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। तस्कर बेखौफ होकर आस पास के क्षेत्रों से नीलगिरी के पेड़ों की कटाई करने के साथ ही उनकी तस्करी कर रहे है। इस बात की पुष्टि एक बार फिर वन विभाग की कार्रवाई से हुई है। वन विभाग ने अंतर्राज्यीय लकड़ी तस्करों द्वारा बिना अनुमति काटी गई लकड़ी समेत ट्रक को जब्त कर लिया है। जब्त वाहन में भारी मात्रा में नीलगिरी प्रजाति की लकड़ी लोड थी। जिसे अंतर्राज्यीय तस्कर यूपी ले जाकर खपाने की तैयारी में थे। इससे पहले की वो अपने मंसूबे में कामयाब हो पाते वन विभाग ने लकड़ी समेत ट्रक को जब्त करते हुए अपने कब्जे में ले लिया। वन विभाग की इस कार्यवाही से लकड़ी तस्करों में हड़कंप मच गया है।

- तस्करों द्वारा अवैध रूप से काटी गई यूकेलिप्टस
- लकड़ी समेत ट्रक वन विभाग ने किया जब्त

विदित हो कि विगत लंबे समय से क्षेत्र में बिना अनुमति के अवैध रूप से नीलगिरी आम खम्हार आदि प्रजाति के पेड़ों की कटाई जोरो पर है। यूपी समेत अन्य प्रांतों से आए लकड़ी तस्कर धड़ल्ले से क्षेत्र में अपने मंसूबो को अंजाम दे रहे है। क्षेत्र में अपनी पैठ बना चुके अंतर्राज्यीय लकड़ी तस्कर गांव के भोले भाले ग्रामीणों को अपने झांसे में लेकर औने पौने दाम पर पेड़ खरीदते हैं जिसके बाद बिना किसी अनुमति के उसकी कटाई करते हुए उसे यूपी बिहार बंगाल ले जाकर खपाते है। जहां इन लकड़ी तस्करों को लकड़ी के बदले मुंहमांगी कीमत मिलती है। लंबे समय से क्षेत्र में सक्रिय लकड़ी तस्कर स्थानीय दलालों की मदद से राजनीति संरक्षण भी प्राप्त कर लेते है जो इनके रास्ते में आने वाली हर तरह की बाधाओं को दूर करते है। यही वजह है कि क्षेत्र में अंतर्राज्यीय लकड़ी तस्कर लंबे समय से डटे हुए है और बेखौफ होकर बिना अनुमति लकड़ी कटाई कर रहे है जबकि लकड़ी कटाई के लिए शासन द्वारा कुछ नियम बनाये गए हैं जिसे पूरा करना अनिवार्य है। शासन द्वारा बनाए गए नियमों के लिए एक लंबी प्रक्रिया पूरी करनी पड़ती है जिसमे काफी वक्त लग जाता है। राजनीति संरक्षण प्राप्त अंतर्राज्यीय लकड़ी तस्कर शासन के सारे नियमों को ताक पर रखकर धड़ल्ले से क्षेत्र में लकड़ी कटाई कर रहे है।



**30 टन लकड़ी लोड**

क्षेत्र में अंतरराज्यीय तस्कर किस कदर बेखौफ होकर नीलगिरी पेड़ों की कटाई करने के साथ ही प्रतिदिन लाखों की लकड़ी की तस्करी कर रहे है इस बात का अंदाजा वन विभाग की कार्रवाई से लगाया जा सकता है। मुखबिर की सूचना पर वन विभाग ने नीलगिरी के लकड़ी से भरा ट्रक पकड़ा है। ट्रक में नीलगिरी प्रजाति का पेड़ लोड था जिसे तस्करों ने बिना अनुमति के काटा था। अंतर्राज्यीय लकड़ी तस्कर इस लकड़ी को ट्रक क्रमांक यूपी 62 बीटी 8461 में लाद कर यूपी ले जाकर खपाने की तैयारी में थे इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर वन विभाग ने ग्राम चलता से अवैध लकड़ी समेत ट्रक जब्त कर लिया। ट्रक में लगभग 30 टन नीलगिरी प्रजाति की लकड़ी लोड है जिसकी कीमत अंतर्राज्यीय बाजार में लाखों रुपए बताई जा रही है।इस मामले में वन विभाग ने ट्रक चालक यूपी प्रयागराज अहमदपूरा असरौली निवासी 27 वर्षीय अकमल आ. असलम को गिरफ्तार करने के साथ ही लकड़ी व ट्रक जब्त किया है। वन विभाग ने आरोपी के खिलाफ वन अधिनियम की धारा 52(1), 33(1), 41 समेत अन्य धाराओं के तहत कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में रेंजर विजय कुमार तिवारी, रमेश मंडावी, राजेश यादव, त्रिभुवन सिंह, राजू बेक, जुवेल बरवा, अविनाश किंडो सक्रिय रहे।

## धान लोड ट्रक की टक्कर बोलेरो सवार मजदूर की मौत



**अम्बिकापुर।** मैनपाट मोड़ के समीप धान लोड ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बोलेरो को टक्कर मार दी। दोनों वाहनों की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि घटना के बाद ट्रक व बोलेरो सड़क किनारे पलट गई। दुर्घटना में बोलेरो सवार एक मजदूर की मौत हो गई जबकि घायल दूसरे मजदूर का उपचार जारी है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार मैनपाट नर्मदापुर निवासी विजय कुमार मांझी आ. कुदुल मांझी (27 वर्ष) मजदूरी का काम करता था। गत दिन बोलेरो क्रमांक सीजी 15 सीयू 8108 को किराए में लेकर विजय सहित गांव के ही कुछ मजदूर दूसरे क्षेत्र में काम करने जाने के लिए निकले। बोलेरो चालक ने मजदूरों को शहर लेकर पहुंचा तो विजय व उसके एक साथी ने दूसरे क्षेत्र में काम पर नहीं जाने की इच्छा जाहिर की जिस पर विजय और उसके साथी बोलेरो से वापस घर लौट रहे थे। सत्यम जैसे ही बोलेरो लेकर जैसे ही मैनपाट मोड़ के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे धान लोड ट्रक क्रमांक सीजी 15 डीएच 5501 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बोलेरो को टक्कर मार दी। वाहन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि घटना के बाद ट्रक व बोलेरो सड़क किनारे पलट गई जिससे बोलेरो सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल विजय को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जबकि सत्यम व एक अन्य मजदूर को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं देर रात मजदूर विजय की उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## घर के सामने खड़ी बाइक की चोरी

**दरिमा।** पुलिस की लापरवाही से चोरों के हौसले बुलंद हो गए हैं तथा चोर आए दिन चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे है। शुक्रवार की शाम करजी चौक पर सड़क किनारे स्थित घर के सामने खड़ी बाइक को चोरों ने पार कर दिया। शुक्रवार की शाम महेन्द्र सिंह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 15 ईसी 9719 को करजी चौक पर अपने घर के सामने खड़ी कर कही गए थे। कुछ देर बाद लौटे तो बाइक गायब थी।

उन्होंने आसपास के लोगों से बाइक के संबंध में पूछताछ की तथा इधर उधर तलाश भी किया लेकिन वाहन की कोई जानकारी नहीं मिली। पीड़ित बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराने दरिमा थाना पहुंचा तो पुलिसकर्मियों ने पहले स्वयं चोरी हुए वाहन को तलाशने तथा नहीं मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कराने की सलाह देकर बैरंग लौटा दिया। पुलिस की इस तरह की समझाइश से परेशान पीड़ित लोगों से चोरों को तलाशने का तरीका पूछ रहा है। दरिमा पुलिस की असंवेदनशीलता एवं लापरवाही से लोगों में भारी नाराजगी है।

# मंत्री राजवाड़े के प्रयासों से वनांचल के सुदूर क्षेत्र में पहुंचेगी बिजली

हरिभूमि न्यूज. सूरजपुर



- 3 करोड़ रुपये से अधिक की राशि हुई स्वीकृत

जंगलों के बीच बसे जिन टोलों ने पीढ़ियों तक अंधेरे को अपनी नियति मान लिया था, वहां अब उजाले की पहली किरण पहुंचने जा रही है। जिले के ओड़गी विकासखंड के तीन सुदूर ग्रामों में आजादी के दशकों बाद पहली बार नियमित बिजली पहुंचाने के लिए 3 करोड़ 6 लाख 92 हजार 670 रुपये की बड़ी स्वीकृति जारी की गई है। यह महत्वपूर्ण पहल कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के विशेष प्रयासों से संभव हो पाई है।

जिले के भटगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मसंकी, बांक और असुरा के कई मजरा-टोले अब तक मुख्य विद्युत लाइन से कटे हुए थे। रात ढलते ही यहां घना अंधेरा छा जाता था और ग्रामीण ढिबरी या सीमित सोलर लाइट के सहारे जीवन यापन करने को विवश थे। बच्चों की पढ़ाई, किसानों का कार्य और सामान्य जनजीवन अंधेरे की मार झेल रहा था। क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने ऊर्जा विभाग और राज्य स्तर पर पहल कर इन टोलों के विद्युतीकरण का प्रस्ताव आगे बढ़ाया। मुख्यमंत्री मजराटोला विद्युतीकरण योजना के तहत स्वीकृत इस राशि से ग्राम मसंकी के लुक भुकिया और पतेरीपारा, ग्राम बांक के खासपारा और स्कूलपारा तथा ग्राम असुरा के खासपारा, पण्डोपारा और असुरा 1 में विद्युत विस्तार कार्य किया जाएगा। करोड़ों की लागत से होने वाला यह कार्य न केवल घरों को रोशन करेगा, बल्कि शिक्षा, कृषि और स्वरोजगार के नए अवसर भी सृजित करेगा। सबसे बड़ी चुनौती वन भूमि की अनुमति थी। संबंधित टोले घने जंगलों के बीच स्थित हैं, इसलिए विशेष स्वीकृति आवश्यक थी। मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े की पहल पर विभागीय स्तर पर आवश्यक अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त कर लिया गया है और अब शीघ्र ही जमीनी स्तर पर कार्य प्रारंभ किया जाएगा। मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा है कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि प्रदेश का कोई भी घर अंधेरे में न रहे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विद्युत सुविधा उपलब्ध होने से बच्चों को अध्ययन में सुविधा मिलेगी, किसानों को कृषि कार्यों में सहूलियत होगी तथा स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार और लघु उद्यमों को प्रोत्साहन मिलेगा। यह पहल वनांचल क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी

### खेल शिक्षकों व छात्रों को वितरित किया गया फुटबॉल



**अम्बिकापुर।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में फुटबॉल फॉर स्कूल्स कार्यक्रम के तहत जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.दिनेश झा के मुख्य आतिथ्य में फुटबॉल वितरित किया गया। नवोदय विद्यालय समिति और शिक्षा मंत्रालय की संयुक्त पहल से स्कूलों में फुटबॉल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उप प्राचार्य राजू दुबे के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. दिनेश झा ने जिले के विभिन्न स्कूलों से आए खेल शिक्षकों और छात्रों को फुटबॉल प्रदान किया।

## डीलिस्टिंग कानून की मांग लेकर जनजाति सुरक्षा मंच की कार्यशाला



**अम्बिकापुर।** जनजाति सुरक्षा मंच का 24 मई को दिल्ली में होने वाले डीलिस्टिंग जनजाति गर्जना महारैली की तैयारी को लेकर पटेलपारा स्थित उरांव समाज घर में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने आगामी रणनीति पर चर्चा की।

राष्ट्रीय संयोजक गणेशराम भगत ने कहा कि हमारा उद्देश्य जनजाति समाज को एकजुट करना और उनके अधिकारों की रक्षा करना है। हम सरकार से मांग करेंगे कि वह जनजाति समाज की मांगों को सुने और उन्हें पूरा करें। अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह ने कहा कि हम जनजाति समाज के लिए हमेशा लड़ते रहेंगे और उनके अधिकारों की रक्षा करेंगे। दिल्ली के आंदोलन के लिए अभी नहीं तो कभी नहीं के भाव के साथ समाज को लगना होगा। अब बाबा कार्तिक उरांव के अधूरे सपने को पूरा करने का समय आ चुका है। संरक्षक बंशीधर उरांव ने कहा कि हमें अपने धर्म, संस्कृति, पूजा पद्धति को कभी नहीं भूलना चाहिए तभी हमारा समाज संरक्षित रहेगा। जिला संयोजक बिहारीलाल उरांव ने कहा कि आंदोलन में सरगुजा के प्रत्येक गांव से 15 लोग और जिला से 5 हजार से अधिक लोग शामिल होंगे और अधिकारों की रक्षा के लिए लड़ेंगे। कार्यशाला का संचालन प्रांत सहसंयोजक इन्दर भगत ने किया। कार्यशाला में महेश्वर राम, वासुदेव राम, लालदेव भगत, जयंती भगत, बलराम भगत, राइज बईगा मानकेश्वर भगत, महेश भगत, रज्जू राम, कलमू लकड़ा, नेतराम, गोपाल राम, श्री राम भगत, सुरेन्द्र भगत, मानसून भगत, पवन पूर्णाहूति भगत, सचिन भगत, रामबिहारी सिंह पैकरा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सिलफिली कालेज में युवा उत्सव व वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

बिश्रामपुर। शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में युवा उत्सव व वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया,कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य अमित बनाफर ने की,कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालयीन जनभागीदारी समिति सदस्य व मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर राजवाड़े थे,अन्य अतिथियों में डॉ.रवींद्र तिग्गा,उद्यानिकी कथा वानिकी महाविद्यालय सिलफिली एवं ललित भगत कार्यपालन अभियंता विद्युत विभाग, शोभनाथ राजवाड़े,राजेश कुशवाहा,विनोद शाह उपस्थित रहे,कार्यक्रम का शुभारंभ संस्कृति की देवी मां शारदा के छायाचित्र पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन से किए,साथ ही पुष्पगुच्छ से स्वागत के पश्चात छात्राओं जैतुन निशा तथा नुसरत खातून ने अतिथियों के लिए स्वागत गीत प्रस्तुत किया,छात्राओं जैतून निशा, नुसरत खातून तथा ज्योति राजवाड़े ने छत्तीसगढ़ राजगीत अरपा पैरी के धार के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आगाज किया,सांस्कृतिक कार्यक्रमों में एकल



नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सुनीता ने तथा दूसरा स्थान विशाखा ने प्राप्त किया,समूह नृत्य प्रतियोगिता में स्वाति मिंज,ज्योति राजवाड़े,रेशमा राजवाड़े,आरती राजवाड़े तथा भारती राजवाड़े के समूह ने बेहतरीन प्रदर्शन कर दर्शकों तथा अतिथियों का मन मोह लिया,वे समूह नृत्य प्रतियोगिता के विजेता रहे, मिर्जावती तथा उसके साथियों ने नशामुक्ति पर आधारित मनमोहक तथा मनोरंजन नाटक प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य अमित सिंह बनाफर ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

## उरांव समाज संपर्क समिति का गठन एवं मूली पड़हा कार्यकारिणी का किया गया विस्तार

अंबिकापुर। उरांव समाज मूली पड़हा की बैठक उरांव समाज कार्यालय अतखा पड़हा गंगापुर में आयोजित की गई। बैठक में राजकुमारी सिंगी दई महिला संगठन छत्तीसगढ़ की अध्यक्ष श्रीमती मंजरी भगत शामिल हुई। बैठक में सर्वसम्मति से जिला इकाई मूली पड़हा अंबिकापुर के कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। कार्यकारिणी में बेल-मंगल उरांव, देवान-उमेश कुमार भगत, उप देवान-रामनाथ भगत, मनराज भगत, रकम उरबस- संजीव कुमार भगत, उप रकम उरबस-मंगल साय, विनय निकुंज, करटहा/बईगा-बीरबल भगत, कहतो-भारतेंदु भगत, कोटवार-बनवीर भगत, पंच-अनिल लकड़ा, चंद्रबली लकड़ा, बाल कुसुम निकुंज, विगन साय भगत, परशुराम भगत, सलाहकार-सुभाष चंद्र भगत, युगल किशोर निकुंज, हरि लाल एक्का, विश्राम भगत, बसंत टोप्पो, विष्णु प्रजापति को शामिल किया गया। मूली पड़हा क्षेत्र अंतर्गत अंबिकापुर, लखनपुर, उदयपुर,



लुंड्रा ब्लॉक में निवासरत उरांव समाज के लोगों से संपर्क स्थापित कर उन्हें समाज के मुख्य धारा में जोड़ने , सामाजिक , आर्थिक, शैक्षिक, स्वास्थ्य, कला, धर्म और संस्कृति, रोजगार इत्यादि के विकास और शासन प्रशासन के विभिन्न योजनाओं को उन तक प्रचारित प्रसारित करने हेतु उरांव समाज संपर्क समिति का गठन किया गया। समिति में अध्यक्ष शिवनाथ भगत, उपाध्यक्ष मंजरी भगत, मनराज भगत, सचिव सद्दू राम बड़ा, कोषाध्यक्ष सहदेव भगत, उपकोषाध्यक्ष महेश भगत, संरक्षक रामकमल भगत, कौशल प्रजापति, सदस्य अनिल मिंज, प्रमिना भगत, अनिल लाकड़ा, देवनाथ भगत आदि शामिल रहे।

### मवेशी तस्करी में शामिल वाहन मालिक गिरफ्तार

राजपुर। बरियों पुलिस ने मवेशी तस्करी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11(1)(घ) के अंतर्गत की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार 20 मई 2025 को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम आरा के कुछ लोग झारखंड के तस्करों के साथ मिलकर मवेशियों को बूचड़खाने भेजने की तैयारी कर रहे हैं।

### साईं कॉलेज के वार्षिकोत्सव में मेधावी हुए सम्मानित

# सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों से होता है सर्वांगीण विकास- प्रो.लाकपाले

हरिभूमि न्यूज.अम्बिकापुर।




खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों से व्यक्ति का सर्वांगीण विकास होता है। जिस शिक्षण संस्थान में ऐसी गतिविधियां होती हैं वहां विद्यार्थियों को एक नया अवसर व मंच मिलता है। यह बातें बुधवार को श्री साई बाबा आदर्श महाविद्यालय में वार्षिक समारोह में मुख्य अतिथि एसजीजीयू के कुलपति प्रो.राजेन्द्र लाकपाले ने कही।

उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि अगला कदम आपका होगा। आप अपने अंदर विश्लेषण करें और आगे बढ़े। जो नहीं मिला उसका गम नहीं, जो मिला है वो कम नहीं। मुस्कराहटों के साथ आगे बढ़िये जिन्दगी आपका इंतजार कर रही है। छात्र संघ अध्यक्ष दीप्ति यादव ने अतिथियों का स्वागत किया। प्राचार्य डॉ.राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि कुलपति का सानिध्य हमें गौरवान्वित करता है और विद्यार्थियों को प्रेरणा देता है। 2003-04 में 15 अगस्त 2003 से स्थापित महाविद्यालय के स्थापना का उद्देश्य अंचल के विद्यार्थियों को प्रेरणा देता है। 2003-04 में 15 अगस्त 2003 से स्थापित महाविद्यालय के स्थापना का उद्देश्य अचंल के विद्यार्थियों के लिए बेहतरीन अवसर के साथ रोजगारपरक शिक्षा उपलब्ध कराना है। महाविद्यालय एसजीजीयू से स्थायी सम्बद्धता तथा यूजीसी नैक मूल्यांकन में बी डबल प्लस श्रेणी प्राप्त है। एनसीटीई तथा एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त है। महाविद्यालय में विभिन्न विभागों में स्नातक के पाठ्यक्रम एवं चार वर्षीय इंट्रीग्रेटेड बीएससी, बीएड का पाठ्यक्रम संचालित है। हमारे महाविद्यालय में 12 विषयों स्नातकोत्तर तथा 12 विषयों में शोध कार्य हो रहे हैं। सचिव अजय कुमार इंगोले ने कहा कि यह योग्यता के सम्मान का अवसर है। जो पुरस्कृत हो रहे हैं वे दूसरे के लिए प्रेरक भी होंगे। पूर्व डीआईजी जयंत थोरात ने कहा कि आप जिन्दगी के उस पड़ाव पर हैं जहा से जिन्दगी को एक नयी गति मिलेगी। परिवार और शिक्षकों से हमें संस्कार मिलता है जो जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रहा है। अतिथियों ने महाविद्यालय से प्रकाशित रिसर्च जर्नल रिसर्च जोन तथा कम्प्यूटर एंड आईटी विभाग के अध्यक्ष डॉ.विवेक कुमार गुप्ता तथा उनके साथियों द्वारा लिखी दो पुस्तक कम्प्यूटर फंडामेंटल एंड एमएस ऑफिस, कंप्यूटर एप्लीकेशन, एआई एंड इट्स एप्लीकेशन का अनावरण किया। इस दौरान कॉलेज के सभी अध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## नाबालिग का हत्यारा निकला चचेरा भाई, पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जंगल में नाबालिग की हत्या करने के मामले में पुलिस ने न सिर्फ अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझा दी बल्कि हत्या करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर दिया। हैरानी की बात यह है कि नाबालिग की हत्या कोई और नहीं बल्कि उसके चचेरा भाई ने किया था। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

पुलिस के मुताबिक ग्राम महोरा निवासी मंगलू पंडो ने 11 फरवरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 14 वर्षीय लालसाय के मोबाइल नम्बर से उसके साला मंगलसाय के मोबाइल में अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर बताया कि लाल साय की हत्या हो गई है और वह गहुआ भादा जंगल में पड़ा हुआ है। घटना की जानकारी लगते ही परिजन अन्य लोगों के साथ मौके पर जाकर लालसाय की खोजबीन की लेकिन पता नहीं चला। जिस पर अंधेरा होने से वापस घर आ गए। दूसरे दिन गांव के अन्य लोगों के साथ जंगल में खोजबीन की तो लाल साय का शव रास्ते में मिला और मृतक के गले में चोट निशान मिला। रिपोर्ट पर पुलिस ने मर्ग कायमी उपरान्त अज्ञात के विरूद्ध धारा 103(1) के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। थाना प्रेमनगर पुलिस ने विवेचना दौरान संदेही महरो



खेखरा नाला निवासी देवसाय पण्डो उर्फ देवान आ. महाबली पण्डो (28 वर्ष) को पकड़ा। पूछताछ पर देवसाय ने बताया कि मंगलू व लालसाय से जमीन बंटवारा को लेकर विवाद हुआ उसी समय से दोनों को मारने की ताक में था। 11 फरवरी को अपने निर्माणाधीन मकान के पास झाला में था उसी समय चचेरा भाई लालसाय अपने घर के पीछे बाडी में निकला। जिसे अपने झाला में बुलाया और जमीन विवाद को लेकर वाद विवाद किया और लालसाय से बात करते हुए अपने 3 वर्ष के बच्चे को लेकर नदी में नहलाने ले गया साथ में टांगी रखा था। बच्चे को नहलाने के बाद लालसाय से विवाद बढ़ने पर लालसाय को पुल भादा जंगल में ले जाकर टांगी से गले में प्रहार कर दिया।




# 'एक दिन' का एक नया पोस्टर आया सामने ...

**मुंबई।** वैलेंटाइन डे के मौके पर जुनैद खान और साई पल्लवी अभिनीत फिल्म 'एक दिन' के निर्माताओं ने फिल्म का एक प्यारा सा पोस्टर जारी किया। पोस्टर में साई पल्लवी को एक मफिन पकड़े हुए देखा जा सकता है, मानो वह जुनैद को वैलेंटाइन डे की शुभकामनाएं दे रही हों। दोनों एक दूसरे को प्यार भरी निगाहों से देख रहे हैं, जिनमें स्नेह और मिठास झलक रही है। एक गर्मजोशी भरे, रोमांटिक सर्दियों के माहौल में फिल्माए गए इस पोस्टर में जुनैद और साई के किरदार बर्फ से ढकी सड़क पर कंधे से कंधा मिलाकर चलते हुए, हल्की मुस्कान बिखेरते नजर आ रहे हैं। दोनों ने आरामदायक सर्दियों के कपड़े पहने हैं, जिससे पोस्टर में ऐसा लग रहा है मानो वे अपनी ही दुनिया में खोए हुए हों।

## लाइफ Style

# मृणाल

## 'सिंगल' होने का दिया अपडेट

अभिनेत्री मृणाल ठाकुर और अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी जल्द ही रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'दो दीवाने शहर में' में नजर आएंगे। यह फिल्म दो ऐसे लोगों की कहानी है, जो यह सिखाती है कि हर वक्त परफेक्ट होना जरूरी नहीं है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

फिल्म की टीम इन दिनों प्रमोशन के लिए कर रही है। अक्षय कुमार के गेम शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' के आने वाले एपिसोड में फिल्म की टीम नजर आएगी, जिसमें मृणाल ठाकुर, सिद्धांत चतुर्वेदी और डायरेक्टर रवि उदयावर नजर आएंगे। इस एपिसोड में अभिनेत्री ने खुलासा किया कि वह फिलहाल किसी रिलेशनशिप में नहीं है। अक्षय कुमार इस एपिसोड में मृणाल की टांग खींचते हुए पूछते हैं, मृणाल, सोशल मीडिया पर आपके बारे में काफी चर्चा चल रही है। आपका अभी रिलेशनशिप स्टेट्स क्या है?" यह सवाल सुनकर मृणाल ने बिना झिझक के जवाब दिया, मैं अभी सिंगल हूं और मिंगल होने के लिए तैयार हूं। बता दें कि कुछ समय से सोशल मीडिया पर मृणाल और साउथ एक्टर धनुष के रिश्ते और शादी के बारे में काफी अफवाहें उड़ी थीं। हालांकि, अभिनेत्री ने अपने इस जवाब से अफवाहों पर विराम लगा दिया है।

रवि उदयावर की ओर से निर्देशित, यह एक आधुनिक, यथार्थवादी प्रेम कहानी है। इस फिल्म में सिद्धांत चतुर्वेदी और मृणाल ठाकुर मुख्य भूमिकाओं में हैं। इन दोनों के अलावा फिल्म में ईला अरुण, जॉय सेनगुप्ता, आयशा रजा, विराज गेहलानी, संदीपा धर, दीपराज राणा, मोना अम्बेगांवकर, अचिंत कौर और नवीन कौशिक भी नजर आएंगे।




## हॉलीवुड मसाला




# तलाक के बाद निकोल का पहला पोस्ट

**लॉस एंजेलिस।** वैलेंटाइन डे' प्यार का दिन माना जाता है। लेकिन ऐसा कोई नियम नहीं है कि वैलेंटाइन डे मनाने के लिए आपका रिलेशनशिप में होना जरूरी हो। अगर आप सिंगल हैं, तो भी आप खुद के लिए कुछ खास करके भी इसे मना सकते हैं। इसी का उदाहरण दिया मशहूर एक्ट्रेस निकोल किडमैन। ऑस्कर जीत चुकीं निकोल ने इस्टाग्राम पर अपनी एक फोटो शेयर की, जिसमें वह बेड पर आराम करती नजर आ रही हैं। फोटो में उन्होंने गुलाबी और सफेद धारियों वाली शर्ट पहनी हुई है। खिड़की से आती धूप उनके चेहरे पर पड़ रही है और वह काफी शांत और खुश नजर आ रही हैं।




# 'द रेकिंग क्रू' के प्रमोशन में जुटे जेसन

**लॉस एंजेलिस।** अपनी आगामी फिल्म 'द रेकिंग क्रू' के प्रमोशन में जुटे हॉलीवुड स्टार जेसन मोमोआ ने शाहरुख की तारीफ की है। शाहरुख से अपनी मुलाकात के बारे में बात करते हुए जेसन ने कहा कि हां, वह बहुत हैंडसम हैं। जब जेसन से पूछा गया कि पहली मुलाकात में दोनों ने किस बारे में बात की, तो उन्होंने कहा कि हम दोनों आपसी दोस्त और एक-दूसरे के काम के प्रशंसक हैं। वह बहुत ही प्यारे इंसान हैं। वह बेहद विनम्र थे। वह मुझसे बेहतर अभिनेता और कलाकार हैं। इसलिए यह आपसी सम्मान की बात थी। जेसन मोमोआ के करियर की बात करें तो 1999 में टीवी शो बेवॉचः हवाई से अपने करियर की शुरुआत करने के बाद उन्होंने 2011 में गेम ऑफ थ्रोन्स के पहले सीजन में खाल ड्रोगो का किरदार निभाया।




# राशा की तेलुगु फिल्म का पोस्टर आउट

**मुंबई।** अभिनेत्री राशा थडानी हिंदी सिनेमा में अपनी अदाकारी का जलवा बिखेरने के बाद तेलुगु सिनेमा में एंट्री करने जा रही हैं। अभिनेत्री जल्द ही निर्देशक अजय भूपति की आगामी तेलुगु फिल्म 'श्रीनिवासा मंगापुरम' में नजर आएंगी। इस एक्शन-रोमांस फिल्म में वह महेश बाबू के भतीजे जया कृष्ण घट्टामनेनी के साथ मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म का पहला पोस्टर जारी कर दिया गया है। इसमें राशा और जया कृष्ण घट्टामनेनी दोनों एक-दूसरे के करीब नजर आ रहे हैं। पोस्टर में राशा ने एक खूबसूरत लैवेंडर कलर की साड़ी पहनी हुई है। उनके बाल खुले हैं। वहीं, पोस्टर में लिखा है, "हैप्पी वेलेंटाइन डे।" राशा ने पोस्ट कर लिखा, "बस एक बार अपनी आंखें खोलकर देखो मैं यहीं रहूंगी, इतनी पास कि तुम्हारी सांसों को महसूस कर सकूं।"



# बैटल ऑफ गलवान का गाना रिलीज...

**मुंबई।** वैलेंटाइन डे के मौके पर फिल्म "बैटल ऑफ़ गलवान" का रोमांटिक गाना "मैं हूं" रिलीज हुआ। सलमान खान और चित्रांगदा सिंह के इस गाने में उनकी लविंग केमिस्ट्री दिखाई गई है। सलमान खान फिल्म्स ने इस गाने को अपने ऑफिशियल प्लेटफॉर्म पर रिलीज किया। इससे पहले "मातृभूमि" गाना रिलीज़ हुआ था, जिसे 50 मिलियन से ज़्यादा व्यूज़ मिले थे। मेकर्स ने स्पेशल ट्रैक "मैं हूं" 14 फरवरी को रिलीज़ किया था। यह गाना एक सैनिक और उसके परिवार के रिश्ते की इमोशनल कहानी दिखाता है। मेकर्स ने गाने को सोशल मीडिया पर शेयर किया और इसका ऑफिशियल लिंक भी रिलीज किया। यह ट्रैक परिवार के साथ बिताए खुशी के पलों से लेकर ड्यूटी की वजह से अलग होने तक की एक इमोशनल जर्नी दिखाता है।

## टीवी मसाला

# रश्मि देसाई को दो बार बदलना पड़ा अपना नाम

**मुंबई।** टीवी और ओटीटी की दुनिया में अपनी अलग पहचान बना चुकीं रश्मि देसाई आज किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं, लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि जिस नाम से देश उन्हें जानता है, वह उनका असली नाम नहीं है। उनकी



पहचान के पीछे एक दिलचस्प किस्सा है, जो दो बार बदले गए नाम से जुड़ा हुआ है। रश्मि देसाई का जन्म 13 फरवरी 1986 को असम के नागांव में हुआ था। उनका जन्म एक गुजराती परिवार में हुआ। इंडस्ट्री में कदम रखने से पहले रश्मि का असली नाम शिवानी था। जब उन्होंने एक्टिंग की दुनिया में आने का फैसला किया, तब उन्हें नाम बदलने की सलाह दी गई, ताकि नया नाम किस्मत के लिए शुभ साबित हो। इसके बाद शिवानी ने अपना नाम बदलकर दिव्या रख लिया। इसी नाम से उन्होंने अपने करियर की शुरुआती कोशिशें शुरू कीं। दिव्या नाम से उन्होंने शुरुआत में कई प्रोजेक्ट्स किए, लेकिन उन्हें वह पहचान नहीं मिल पा रही थी, जिसकी उन्हें तलाश थी। उनके पास काम आने भी बंद हो गए थे। उसी समय एक ज्योतिष मित्र की सलाह पर उन्होंने एक बार फिर नाम बदलने का फैसला लिया। इसके बाद दिव्या से वह रश्मि देसाई बनीं। यही नाम उनके जीवन का सबसे बड़ा टर्निंग पॉइंट साबित हुआ। नाम बदलने के बाद न सिर्फ काम मिलने लगा, बल्कि उनकी पहचान भी बनने लगी।

# बचपन की तस्वीरों में छुपा श्रुति का मिजाज

**मुंबई।** अभिनेत्री श्रुति हासन अपने शानदार अभिनय से न सिर्फ साउथ सिनेमा, बल्कि बॉलीवुड में भी राज करती हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक मजेदार और नॉस्टेल्जिक वीडियो पोस्ट किया। इस वीडियो में उनके बचपन से लेकर अब तक की तस्वीरें शामिल हैं। वहीं, श्रुति ने वीडियो में लिखा, "किसी लड़की के बचपन की तस्वीरों से उसके स्वभाव और व्यक्तित्व की झलक साफ दिखाई देती है।" अभिनेत्री ने पोस्ट कर लिखा, "मैं तो हमेशा से ही बहुत मूडी रही हूं, हाहा।" श्रुति अभिनेत्री होने के साथ-साथ गायिका और संगीतकार भी हैं, जिन्होंने तमिल, तेलुगु और हिंदी सिनेमा में अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज करवाई। इस बात से बहुत कम लोग वाकिफ हैं, लेकिन श्रुति ने अपने करियर की शुरुआत अभिनेत्री के रूप में नहीं, बल्कि गायिका और संगीतकार के रूप में की थी। उन्होंने महज छह साल की उम्र में ही अपने पिता की फिल्म थेवर मगन (1992) में पहला गाना गाया था। इसके बाद उन्होंने हिंदी फिल्म 'चाची 420' (1997) में भी गायन किया। साल 2000 में कमल हासन के निर्देशन में बनी फिल्म 'हे राम' में उन्होंने बाल कलाकार के रूप में अतिथि भूमिका निभाई और उसी फिल्म के लिए हिंदी और तमिल में टाइटल थीम 'रामा रामा' भी गाया था। अभिनेत्री जल्द ही फिल्म निर्देशक पवन सादिनेनी की फिल्म 'आकासमलो ओका तारा' में नजर आएंगी।



# महाशिवरात्रि पर हंसराज रघुवंशी ने रिलीज किया 'महादेव की शादी' भक्ति गीत...



**मुंबई** । महाशिवरात्रि के पावन पर्व से पहले म्यूजिक इंडस्ट्री भी हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठी है। भोजपुरी सिनेमा से लेकर हिंदी सिनेमा तक रोज नए शिव भक्ति गीत रिलीज हो रहे हैं, लेकिन अब शिव भक्ति से सराबोर गीत गाने वाले सिंगर हंसराज रघुवंशी ने महादेव की शादी से जुड़ी रस्मों का नया गीत रिलीज किया है, जिसमें देवताओं से लेकर असुर बाबा की बारात में मस्तमौला अंदाज में नाच रहे हैं। हंसराज रघुवंशी का नया भक्ति गीत 'महादेव की शादी' रिलीज हो चुका है, और गीत को सिंगर ने अपने आधिकारिक चैनल पर रिलीज किया है। गीत में शिव बारात का वर्णन किया गया है कि कैसे भस्म और नागों से बाबा श्रृंगार कर मां पार्वती को ब्याहने ले जा रहे हैं। गीत के बोल और बीट दोनों ही शानदार हैं, जो पूरी तरह डांसिंग वाइब दे रही है। गीत के सिंगर और कंपोजर खुद हंसराज हैं, जबकि गीत के बोल दीप फतेह ने लिखे हैं। 'महादेव की शादी' के बोल मिस्ता बाज़ ने लिखे हैं और प्रोड्यूस कोमल सकलानी ने किया है, जो सिंगर की पत्नी हैं।

# पैपराजी पर भड़कीं धुरंधर की आयशा


**मुंबई।** एक्ट्रेस आयशा खान का करियर इन दिनों ऊपर चढ़ रहा है। उन्होंने फिल्म 'धुरंधर' के गाने 'शरारत' पर अपने डांस से सबका दिल जीत लिया है और खूब तारीफें बटोर रही हैं। हाल ही में एक्ट्रेस शनाया कपूर और आदर्श गौरव की फिल्म 'तू या मैं' की स्क्रीनिंग में पहुंचीं और पैपराजी को डांट लगाई। दरअसल, जब आयशा खान पैपराजी को पोज दे रही थीं, तो एक ने उनसे पीछे मुड़ने को कहा। इसी बीच, एक और पैपराजी ने ऐसा कमेंट किया, जिससे एक्ट्रेस नाराज हो गईं। आयशा ने पैपराजी को डांटते हुए कहा, तुम अपनी इज्जत खुद कमाते हो और खुद ही खो देते हो। प्लीज ऐसा मत करो। अच्छा नहीं लगता। इसके बाद आयशा गुस्से में वहां से चली गईं। आयशा खान के इस वायरल वीडियो के बाद फैंस उनके सपोर्ट में आगे आ रहे हैं और पैपराजी को गलत फोटो खींचने के लिए डांट रहे हैं। वहीं, कुछ लोग आयशा को ट्रोल कर रहे हैं। उनका कहना है कि आयशा ओवरएक्टिंग कर रही हैं। आयशा सबसे पहले बिग बॉस 17 में आई थीं। उन्होंने शो में वाइल्ड कार्ड के तौर पर एंट्री की थी, लेकिन मुनव्वर फारूकी के साथ उनके लव-हेट रिलेशनशिप ने खूब ध्यान खींचा।



## बॉलीवुड अपनी खूबसूरत लव स्टोरीज और म्यूजिक के लिए मशहूर

# इश्क की परतें खोलती बॉलीवुड की सदाबहार प्रेम कहानियां


*मुंबई। बॉलीवुड फिल्में अपनी खूबसूरत लव स्टोरीज और म्यूजिक के लिए मशहूर हैं। हालाँकि, हिंदी सिनेमा ने कुछ ऐसी फ़िल्में भी बनाई हैं, जो हमेशा खुश नहीं होतीं, लेकिन आखिर में हमें सच्चा प्यार करना सिखाती हैं। ये ऐसी फ़िल्में नहीं हैं,जो दिल टूटने को कुछ समय के लिए दिखाती हैं। बल्कि, ये दिखाती हैं कि हर लव स्टोरी का अंत अच्छा नहीं होता। खामोशी, जुदाई और इमोशनल संघर्ष से भरी ये फ़िल्में कुछ वाकई खूबसूरत लेकिन दिल तोड़ने वाली कहानियां पेश करती हैं, फिर भी ये इमोशन का एक डोज भी देती हैं जो दिल को सुकून देता है।*




**ओमकारा (2006)** : ओथेलो का यह अडैप्टेशन दिल टूटने को धोखे और भरोसे के तौर पर दिखाता है। प्यार धोखे और धोखे की वजह से खत्म होता है, जिससे तबाही होती है। विशाल भारद्वाज के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में सैफ अली खान,करीना कपूर और अजय देवगन हैं।

**रॉकस्टार (2011)** : रॉकस्टार प्यार के बारे में है, लेकिन दर्द लंबे समय तक रहता है। रणबीर कपूर लीड रोल में हैं। जॉर्डन के तौर पर, उसका दिल टूटने का असर उसकी पर्सनैलिटी और कामों पर पड़ता है, यहाँ तक कि उस लड़की को खोने के बाद भी, जिससे वह प्यार करता है। हालाँकि, हीर (नरगिस फाखरी) जॉर्डन की ज़िंदगी में वापस आती है, लेकिन उसे पाने के बाद उसे फिर से खोया हुआ देखना एक दिल तोड़ने वाला अनुभव है।

**आशिकी 2 (2013)** : श्रद्धा कपूर और आदित्य रॉय कपूर स्टारर, आशिकी 2 रोमांस से ज़्यादा ट्रेजेडी के बारे में है। यह म्यूज़िकल लव स्टोरी दिखाती है कि कैसे नशा और सेल्फ-इमेज प्यार पर हावी हो सकते हैं।




**सनम तेरी कसम (2016)** : जो एक खूबसूरत लव स्टोरी के तौर पर शुरू होती है, वह धीरे-धीरे एक दिल तोड़ने वाली कहानी में बदल जाती है। हर्षवर्धन राणे और मावरा होकेन स्टारिंग, यह सनम तेरी कसम एक ऐसी फिल्म है जो दिल टूटने को एक हालत के तौर पर दिखाती है, न कि कुछ समय के लिए।

**लुटेरा** : 2013 में रिलीज हुई लुटेरा, ओ. हेनरी की शॉर्ट स्टोरी "द लास्ट लीफ" से इंस्पायर्ड है, जो जुदाई और कुर्बानी के जरिए दिल टूटने की कहानी दिखाती है। यह दिल टूटने के दर्द को शांत और सधे हुए तरीके से दिखाती है। विक्रम आदित्य मोटवानी के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में रणवीर सिंह और सोनाक्षी सिन्हा लीड रोल में हैं।




**लैला मजनू (2018)** : लैला मजनू का यह नया वर्जन जुनून और तड़प का जश्न मनाता है। इंतजार, दिल टूटने और खोए हुए भरोसे की इसकी कहानी किसी की भी आंखों में आंसू ला देगी। तृप्ति डिमरी और अविनाश तिवारी की यह फिल्म दुख को ऐसे तरीके से दिखाती है जैसा पहले कभी नहीं देखा गया।

# जुलाई, अगस्त में तैयार ब्लूप्रिंट का पुसौर में अभी दे रहे प्रशिक्षण

# शिक्षा विभाग का गजब खेल, परीक्षा नजदीक और शिक्षकों को दे रहे ट्रेनिंग


हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शिक्षा विभाग बेलगाम तो हो ही चुका है, यहां जो सिस्टम चल रहा है वह भी कम गजब नहीं है। न स्कूलों में समय पर शिक्षक पहुंचते हैं और न ही सही तरीके से एमडीएम बच्चों कों मिल रहा है। इसका खुलासा कलेक्टर के आकस्मिक निरीक्षण में सामने आ चुका है। वहीं पुसौर ब्लॉक में ब्लूप्रिंट ट्रेनिंग के नाम पर जो खेल खेला गया है यह शिक्षा विभाग के अधिकारियों पर ही सवाल खड़े कर रहा है। खास बात यह है कि जो ट्रेनिंग पहले कराना था उसे अभी करा रहे हैं जब बोर्ड परीक्षा चालू होने वाली है। इसका फायदा न तो बोर्ड के छात्र-छात्राओं को होगा और न ही शिक्षकों को। दूसरी ओर एक दिन ट्रेनिंग देकर एक साथ पांच दिन का साइन शिक्षकों से करा लिया गया। इसकी शिकायत जब शिक्षकों ने की तो वहां के बीईओ और बीआरसी द्वारा शिक्षकों को धमकी भी दी गई। हालांकि डीईओ द्वारा नोटिस जारी करने की बात कही जा रही है।

**खास बात**

- उसमें एक दिन ट्रेनिंग देकर तीन दिन का कराया गया शिक्षकों को साइन



पुसौर ब्लॉक के पंचपारा हाई स्कूल में ब्लूप्रिंट याने परीक्षा की तैयारी को लेकर शिक्षकों को ट्रेनिंग रखी गई थी। 13 फरवरी को ट्रेनिंग के दौरान 15 फरवरी तक शिक्षकों से उपस्थिति पंजी में साइन कराया गया। याने एक दिन औपचारिक रुप से प्रशिक्षण देकर तीन दिन का साइन कराया गया। जब इसकी शिकायत ट्रेनिंग करने वाले शिक्षकों ने की तो बीईओ और बीआरसी ने उनको धमकी भी दी। दूसरी ओर इसकी जानकारी धरमजयगढ़ डाइट के प्राचार्य अनिल पैंकरा को भी दी गई।

श्री पैंकरा ने इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए बीईओ और बीआरसी को जमकर फटकार भी लगाई। इसके बाद 14 को आनन-फानन में शिक्षकों को दोबारा ट्रेनिंग के लिए बुलाई गई, जबिक 13 फरवरी को तीन दिन का साइन लेकर समापन की बातें कही गई थी। कुल मिलाकर ट्रेनिंग के नाम पर जो घालमेल चल रहा है इसका कारण अधिकारियों का अंकुश नहीं होने को माना जा रहा है।

**20 से बोर्ड की परीक्षा चालू**

दिलचस्प बात यह है कि चार दिन बाद बोर्ड की परीक्षाएं चालू हो रही है। ऐसें में अभी यदि किसी शिक्षक को बच्चों की तैयारी के लिए ट्रेनिंग दी जाएगी तो वह किसी का काम नहीं आएगा। ब्लूप्रिंट शासन स्तर से तैयार करके दी गई थी, ताकि शिक्षकों को ट्रेनिंग देकर बच्चों को परीक्षा की बेहतर तैयारी कराई जा सके, लेकिन यहां के अधिकारियों की मनमानी ने शासन की मंशा का मटियामेट कर दिया। अभी ट्रेनिंग दे रहे हैं जबकि चार बाद परीक्षा है।

**औपचारिकता में निपटाया प्रशिक्षण**

ब्लप्रिंट के आधार पर बच्चों की तैयारी के लिए जो व्यवस्था की गई थी वह भी औपचारिकता में ही निपटा गई। जानकारी मिली है कि कई ब्लॉकों में इसका प्रशिक्षण दिया गया है, लेकिन केवल औपचारिक तौर पर। ऐसे में यहां के अधिकारियों को न तो बच्चों का फिक्र है और न ही शासन का डर।

## खबर संक्षेप

### आरटीओ, पुलिस को गाड़ी मालिक दे रहा था धोखा



**रायगढ़।** सरकारी धान परिवहन में कई तरह की अनियमितताएं सामने आती है, लेकिन अभी जो मामला सामने आया है यह पूरा सिस्टम को सवालों के घेरे में खड़ा कर दिया है। फर्जी नंबर प्लेट लगाकर 2021 से सरकारी धान परिवहन के अलावा अन्य काम किया जा रहा था, लेकिन आरटीओ और पुलिस की नजर इस फर्जी नंबर वाली वाहन पर नहीं पड़ी थी। अचानक किसी ने इसकी जानकारी तो पुलिस जागी और फर्जी नंबर प्लेट वाली गाड़ी के साथ ट्रक मालिक को पकड़ा गया है। खरसिया पुलिस ने रोड टैक्स की चोरी कर शासन को राजस्व क्षति पहुंचाने के एक मामले का खुलासा करते हुए वाहन मालिक एवं ट्रांसपोर्टर कपिल शर्मा उर्फ राजा निवासी खरसिया के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज किया है। खरसिया टीआई राजेश जांगड़े को सुमित्रा राइस मिल खरसिया में ट्रक क्रमांक सीजी 13 एडब्लू 3051 धान लोड कर खड़ा है, जिसमें फर्जी नंबर प्लेट लगाए जाने की आशंका होने की जानकारी मिली थी। टीम के साथ मौके पर पहुंचकर वाहन की जांच की गई। मौके पर मौजूद चालक ओमप्रकाश कौशिक से पूछताछ में पता चला कि वाहन का स्वामी कपिल शर्मा उर्फ राजा है। वाहन मालिक ने पूछताछ में बताया कि उसने साल 2021 में ट्रक क्रमांक सीजी 11 एबी 3370 को ग्राम शिवरीनारायण निवासी शेख फनी से खरीदा था, जिसका वर्ष 2019 से रोड टैक्स लंबित था।

### पीड़ितों को मिलेगा 1.5 लाख तक मुफ्त उपचार

**रायगढ़।** सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों के लिए प्रधानमंत्री राहत स्कीम सड़क दुर्घटना पीड़ितों का नगदी रहित उपचार स्कीम 2025 लागू की गई है। इस योजना का उद्देश्य दुर्घटना के बाद गोल्डन ऑवर में त्वरित और जीवनरक्षक उपचार उपलब्ध कराकर अधिकतम जानें बचाना है। स्कीम के अंतर्गत किसी भी श्रेणी की सड़क पर मोटरयान के उपयोग से हुई दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल और अस्पताल में भर्ती होने योग्य पीड़ितों को दुर्घटना की तारीख से अधिकतम 7 दिनों तक प्रति व्यक्ति 1.5 लाख रुपए तक का कैशलेस उपचार प्रदान किया जाएगा।

## पृष्ठ 1 का शेष

### आंगनबाड़ियों की ...

अब तक नए भवन के लिए कोई पहल नहीं की गई है। इससे यहां अक्षर ज्ञान प्राप्त करने के लिए आने वालों नौ निहालों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होनें बताया कि यही स्थिति शहर के दूसरे आंगनबाड़ी केंद्रों की भी है। उन्होनें बताया कि तेली टोली के अलावा दर्जी मुहल्ला,बनिया टोली,खजांची टोली और शिव मंदिर पारा के भवनों की हालत भी खराब हो चुकी है। इनके मरम्मत और नए भवन निर्माण की जरूरत है।

## झांसी से लापता बालिका बरामद आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** घरघोड़ा पुलिस ने लापता हुई नाबालिग बालिका को उत्तर प्रदेश के नवाबादए जिला झांसी से आरोपी गोविंद ओगरे 27 वर्ष के कब्जे से बरामद कर सुरक्षित वापस लाया है। आरोपी ने इंस्टाग्राम में दोस्ती बढ़ाकर बालिका को शादी का झांसा देकर अपने कार से बहला.फुसलाकर झांसी ले गया था। मामले में 29 जनवरी को बालिका के परिजनों ने थाना घरघोड़ा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि बालिका सुबह स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी, किंतु देर शाम तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने आशंका व्यक्त की थी कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसे बहला.फुसलाकर ले जाया गया है। रिपोर्ट पर गुम इंसान तथा धारा 137,2 भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक कुमार गौरव साहू के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा परिजनोंए सहेलियों एवं सहपाठियों से पूछताछ कर लगातार पतासाजी की जा रही थी। जांच के दौरान बालिका के जिला झांसी उप्र में होने की जानकारी प्राप्त हुई। पुलिस टीम उत्तर प्रदेश रवाना की गई, जहां नवाबाद क्षेत्र में संदेही युवक गोविंद ओगरे के कब्जे से बालिका को बरामद किया गया।

## तमनार वन परिक्षेत्र में अवैध कटाई दो प्रकरणों में 3 आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

तमनार वन परिक्षेत्र में दो अलग-अलग प्रकरणों में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। पहला मामला ग्राम मड़यिाकछार का है, जहां आरोपी सुना राम द्वारा आरक्षित वन क्षेत्र में अतिक्रमण के उद्देश्य से बहुमूल्य प्रजातियों के पेड़ों की अवैध कटाई एवं सफाई की जा रही थी। तमनार वन परिक्षेत्र के अधिकारी एवं कर्मचारी मौके पर पहुंचे। समझाइश के बावजूद आरोपी द्वारा गतिविधि नहीं रोके जाने पर उसे विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार 12 फरवरी को आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

दूसरा मामला छिरवानी परिसर के कक्ष क्रमांक 771 आरक्षित वन क्षेत्र का है, जहां जेसीबी मशीन का उपयोग कर ओडिशा छत्तीसगढ़ सीमा में अवैध लकड़ी तस्करी सहित अन्य अवैध गतिविधियों के लिए कच्चे मार्ग का निर्माण किया जा रहा था। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी मशीन जब्त की। इस मामले में दो आरोपियों के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 26 एवं 63, लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम 1984 की धारा 3 तथा जैव विविधता अधिनियम 2002 की धारा 7 एवं 55 के तहत वन अपराध पंजीबद्ध कर दोनों आरोपियों को न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

शासकीय राम भजन राय एनईएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय जशपुरनगर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन गरिमामय वातावरण में ग्राम भुड़केला में सम्पन्न हुआ।

7 से 13 फरवरी तक आयोजित यह विशेष शिविर "युवा नेतृत्व के माध्यम से नशामुक्त, स्वस्थ और सशक्त छत्तीसगढ़ का निर्माण" थीम पर आधारित था, जिसके अंतर्गत स्वयंसेवकों ने सेवा, अनुशासन, सामाजिक चेतना और जनजागरूकता के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन का सशक्त संदेश दिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ एस एन पांडे , कार्यक्रम समन्वयक संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय अंबिकापुर रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अमरेंद्र ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। स्वागत उद्बोधन प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी अंजिता कुजूर ने प्रस्तुत किया। सात दिवसीय विशेष शिविर का प्रतिवेदन कार्यक्रम अधिकारी गौतम कुमार सूर्यवंशी ने प्रस्तुत करते हुए बताया कि शिविर का उद्देश्य युवा नेतृत्व के माध्यम से समाज को नशामुक्त, स्वस्थ और जागरूक बनाने के साथ ग्राम समुदाय के साथ सक्रिय सहभागिता स्थापित करना था।

### सेवा अनुशासन एवं उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना

मुख्य अतिथि डॉ एस. एन. पांडे ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं को समाज की वास्तविकताओं से जोड़कर उनमें सेवा, अनुशासन और उत्तरदायित्व की भावना विकसित करती है। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ रामानुज प्रताप सिंह धुर्वे शासकीय बालासाहेब देशपांडे महाविद्यालय कुनकुरी, ग्राम के उपसरपंच योगेश उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डॉ सरिता निकुंज, विभागाध्यक्ष हिंदी सुश्री कीर्ति किरण केरकेट्टा, डॉ विनय कुमार तिवारी, प्रो. लाइजिन मिंज, प्रो आइलिन एक्का महाविद्यालय के कर्मचारी सुनील चौहान, डी एस टंडन, ग्राम के उप सरपंच सहित स्कूल के प्रधान पाठक, शिक्षक, छात्र-छात्राएँ तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। शिविर नायक परमेश्वर सिंह, शिविर नायिका नम्रता टीका, उपनायक कर्म सन्यासी, उपनायिका प्रियंका तिग्गा, प्रिज्मा भगत, सीमा भगत, सुरेश राम, राजेंद्र राम, होमनाथ सिंह, गोविंदा, ईश्वर सहित सभी स्वयंसेवकों की सक्रिय भूमिका रही।आभार प्रदर्शन कार्यक्रम अधिकारी प्रिंसी कुजूर के द्वारा किया गया इस प्रकार सात दिवसीय विशेष शिविर सेवा, सहयोग, सामाजिक समरसता और मानवीय संवेदनाओं का प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

## सरगुजा ओलंपिक: बासनताला स्कूल के बच्चों ने लहराया परचम

**जशपुरनगर।** जिला स्तरीय सरगुजा ओलंपिक प्रतियोगिता के अंतर्गत आयोजित ओपन सीनियर वर्ग 100 मीटर की दौड़ में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बासनताला के छात्र ऐस्वेल कुजूर ने प्रथम स्थान प्राप्त कर साबित कर दिया कि, वे जशपुर जिला के सबसे तेज धावक है, वहीं ओपन सीनियर वॉलीबॉल प्रतियोगिता में इस विद्यालय की छात्राओं ने कन्या महाविद्यालय जशपुर की छात्राओं को शिकस्त देते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वयं, विद्यालय एवं बासनताला अंचल का मान बढ़ाए हैं 1

कामयाबी पाने वाले बच्चों, विद्यालय के कर्मचारियों तथा इस अंचल के लोगों में खुशियों की लहर छाई हुई है 1 मिली उपलब्धि के प्रति खुशी जाहिर करते हुए प्राचार्य मोहम्मद रईसुल हसन खान ने 100 मीटर की दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र एसवेल कुजूर तथा वॉलीबॉल प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्राओं को पराजित करते हुए इस विद्यालय की प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राएं- नेहा कुजूर, दिव्या रोष खाखा, देवनंदनी बाई, तेजवंती बाई, रिया भगत चंद्रिका महतो, गायत्री महतो और रौनक कुजूर



तथा समर्पित भाव से दायित्व निर्वहन करने वाले व्यायाम अनुदेशक मायाराम कुजूर एवं पूरे विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं दी ।

### लक्ष्य प्राप्ति के लिए परिश्रम जरूरी

प्राचार्य खान ने कहा कि, खेल जगत के साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं में इस विद्यालय को लगातार मिल रहे कामयाबी का श्रेय पूर्व प्राचार्य श्रीमती विनय प्रभा खलखो के बेहतर प्रबंधन तथा उनके द्वारा दिए गए धरोहर को विद्यालय के कर्मचारियों द्वारा ईमानदारी के साथ पल्लवित करने की ऊंची सोच तथा लक्ष्य की प्राप्ति के लिए बच्चों की दृढ़ इच्छा शक्ति एवं कठिन परिश्रम है 1

## सीएम ने की महालक्ष्मी मंदिर में पूजा-अर्चना...



**रायगढ़।** सीएम विष्णुदेव साय शनिवार को रायगढ़ प्रवास के दौरान ग्राम पंडरीपानी में गजमार पहाड़ी के पीछे स्थित महालक्ष्मी मंदिर पहुंचे। मंदिर परिसर पहुँचकर उन्होंने माता महालक्ष्मी की भव्य महाआरती में हिस्सा लिया और विधिवत पूजा.अर्चना कर प्रदेशवासियों के जीवन में सुखए समृद्धि और निरंतर प्रगति की कामना की। इस अवसर पर मां महालक्ष्मी सेवा एवं कल्याण समिति के सदस्यों और पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित रविभूषण शास्त्री ने बताया कि इस भव्य मंदिर की आधारशिला वर्ष 2017 में रखी गई थीए जिसका निर्माण कार्य 2023 में पूर्ण हुआ और दिसंबर माह के शुभ मुहूर्त में यहाँ प्राण.प्रतिष्ठा संपन्न हुई। मंदिर की विशेषता इसकी अद्वितीय मूर्तियां हैं, जहाँ माँ तारा, काली, छिन्नमस्ता, षोडशी, भुवनेश्वरी, त्रिपुरभैरवी, धूमावती, बगुलामुखी, मातंगी और माँ कमला जैसी 10 महाविद्या, विराजमान हैं। इनके साथ ही माँ विमला, माँ मंगला और भैरव बाबा की प्रतिमाएं भी स्थापित की गई हैं।

**वनांचल के काटाझरिया में कलेक्टर ने किया निरीक्षण, संगम स्थल की संभावनाओं पर जोर**

## घटेश्वरी मंदिर क्षेत्र बनेगा पर्यटन केंद्र, केलो तट के विकास की योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र तमनार ब्लॉक के ग्राम पंचायत कसडोल के आश्रित ग्राम काटाझरिया स्थित घटेश्वरी मंदिर परिसर एवं केलो नदी तट को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में जिला प्रशासन ने ठोस पहल प्रारंभ कर दी है। रायगढ़ से लगभग एक सवा घंटे की दूरी पर स्थित केलो नदी तथा पाछर नदी के संगम स्थल के निकट मुख्य मार्ग पर स्थित यह क्षेत्र प्राकृतिक सौंदर्य, धार्मिक आस्था और शांत वातावरण के कारण पहले से ही आकर्षण का केंद्र रहा है।

खनिज उत्खनन प्रभावित वनांचल क्षेत्र के भ्रमण के दौरान ग्रामीणों के साथ स्थल का निरीक्षण किया और पर्यटन विकास की व्यापक संभावनाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने जिला पंचायत सीईओ एवं घरघोड़ा एसडीएम को इस क्षेत्र के समग्र विकास के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही जिला पंचायत सीईओ को पर्यटन विकास की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए स्थानीय स्तर पर ग्राम समिति गठित करने के निर्देश भी दिए गए, ताकि विकास कार्यों में जनभागीदारी सुनिश्चित हो सके। ग्रामीणों ने बताया कि रायगढ़ शहर के निकट होने के कारण छुट्टियों एवं अवकाश के दिनों में यहां रायगढ़ सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग दर्शन और भ्रमण के लिए पहुंचते हैं। यदि पर्यटकों एवं दर्शनार्थियों के लिए स्थानीय स्तर पर मूलभूत सुविधाएं जैसे स्वच्छता व्यवस्था, बैठने की सुविधा, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और मार्गदर्शन संकेतक, उपलब्ध कराई जाएंए तो यहां पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। कलेक्टर ने मंदिर परिसर के पीछे स्थित केलो नदी तट का भी निरीक्षण किया और क्षेत्र की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्य प्राकृतिक स्वरूप से छेड़छाड़ किए बिना किए जा सकते है। मैदानी समतलीकरण पेड़ पौधों को नुकसान किए बिनाए पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए विभिन्न स्थलों को चरणबद्ध तरीके से विकसित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि केलो नदी तट पर स्थित मंदिर के पीछे का क्षेत्र स्थानीय पर्यटन केंद्र के रूप में विकास की पूरी संभावनाएं है। प्रारंभिक चरण में पर्यटकों और स्थानीय दर्शनार्थियों के लिए बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था पर विशेष जोर दिया जाए।

## एनएसएस के सात दिवसीय शिविर

**चंद्रपुर।** शासकीय नवीन महाविद्यालय चंद्रपुर द्वारा सात दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन पूर्व माध्यमिक शाला, ग्राम हरदी, जिला सक्ती में 7 से 13 फरवरी तक किया गया। यह शिविर महाविद्यालय के प्राचार्य चरणदास बर्मन के मार्गदर्शन में हुआ।

शिविर के दौरान विभिन्न सामाजिक एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी राजेश पटेल एवं प्रभारी सहायक कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजू के निर्देशन में स्वयंसेवकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामवासियों को सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूक करना तथा युवाओं में सेवा भाव का विकास करना रहा। शिविर के अंतर्गत बौद्धिक परिचर्चा का विषय महिला सशक्तिकरण एवं सुरक्षा रखा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चंद्रपुर थाना



से कांस्टेबल बबीता सिदार एवं रामविलास लहरे उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डॉ.मंजू द्वारा सभी स्वयं सेवकों को बताया कि कैसे स्वयं को शिक्षा ग्रहण करने के साथ ही किसी एक कौशल का व्यवहारिक ज्ञान अर्जित कर अपने परिवार व समाज में योगदान दे सकते हैं। तत्पश्चात, चन्द्रपुर थाना की महिला कॉन्सटेबल बबीता सिदार द्वारा सभी स्वयंसेवकों को महिला सुरक्षा के विषय में जानकारी दी व कैसे एक छात्रा घर से बाहर होने की स्थिति में किसी दुविधा की स्थिति में 1930 हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर पुलिस सहायता ली जा सकती है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
18 अप्रैल, 01 मई, 04 मई, 07 मई, 10 मई, 16 मई, 22 मई, 25 मई, 28 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त